BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor, APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19), Near Bus Stand, Ranigunj, Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 03 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**हैदराबाद, 02 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज के मीडिया चेयरमैन अजय अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया के रविवार को अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल सिकंदराबाद में अग्रवाल समाज तेलेंगाना की 2023-2024 की साधारण सभा सम्पन्न हुई। सभा का शुभारंभ मानद मंत्री कपूर चंद ने सभाग्रह में उपस्थित समाज के बंधुओं को सभा में आमंत्रित कर किया। महाराज श्री अग्रसेनजी की पूजा-अर्चना के साथ सभा प्रारम्भ की गई। समाज के कुछ सदस्यों का इस वर्ष निधन हो गया, उन दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सभा में 2 मिनट का मौन रखा गया।




तत्पश्चात अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अपने संबोधन में इस वर्ष में की गई गतिविधियों जैसे कन्यादान योजना के अंतर्गत कन्या विवाह, धन संग्रह पात्र योजना, शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, टैली प्रशिक्षण, वैदिक शाला, गीता ज्ञान प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन सहायता, क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, कॅरियर काउन्सलिंग सेमिनार, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण, शीतल पेय जलशाला का निर्माण, कुकटपल्ली में एक व्यापारी की सहायता, नई शाखा का गठन आदि के संबंध में सभा को अवगत कराया गया। आगे कहा कि कई अग्रवाल बंधु अपने नाम के आगे अपने गांव या गोत्र लगाते हैं जिससे गैर अग्रवालों को अग्रवाल बंधुओं को पहचानने में दुविधा होती है और इसी कारण हम अग्रवाल भारत वर्ष में लगभग 7 करोड़ हैं एवं बड़े-बड़े उद्योगों में होते हुए भी अपना वर्चस्व नहीं बना पाते, इसी कारण इस साधारण सभा के माध्यम से अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से आग्रह किया कि वह अपने अपने नाम के आगे अग्रवाल लगाएं। अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सदस्य संख्या बढ़ाने और धन संग्रह पात्र योजना पर सभी शाखाओं को ध्यान देने को कहा।

तत्पश्चात अग्रवाल समाज कोषाध्यक्ष एवं मछली प्रसाद वितरण संयोजक नवीन अग्रवाल ने सभा को मछली प्रसाद वितरण में सहायता सम्बन्धित कार्यक्रम बताया एवं विभिन्न शाखाओं से आर्थिक एवं स्वयं सेवक के सहयोग का आह्वान किया। अग्रवाल समाज की विभिन्न शाखाओं ने अपनी-अपनी शाखाओं से आर्थिक सहयोग देने एवं स्वयं सेवियों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात समाज द्वारा चलाए गए वोट करो अभियान में वोट करने वाले भाग्यशाली विजेताओं अजय कुमार अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मंदाकिनी अग्रवाल, नर्सिंग प्रसाद अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।

बतीनी गौड़ समाज से आए परिवार जनों का अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। गौड़ परिवार द्वारा आयोजित सत्यनारायण कथा एवं प्रसाद में अग्रवाल समाज को निमंत्रण दिया गया। अग्रवाल समाज के निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार ने बतीनी गौड़ परिवार को मछली प्रसाद वितरण में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

अग्रवाल समाज के मानद मंत्री कपूर चंद द्वारा समाज की इस वर्ष की गतिविधियों की जानकारी सभा को दी गई। अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल ने सभा को विवाह में ली जाने वाली 4 रुपए की मिलाई के संबंध में अपने विचार रखे और बताया के विवाह में सिर्फ़ तीन प्रकार की मिलाई लेनी चाहिए और यह चार रुपए नहीं अपितु चार वचन है जो एक संबंधी दूसरे संबंधी को देता है।

अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने सभा के समक्ष वर्ष 23-24 का वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सदन में जिला स्तर पर शाखा और संपूर्ण तेलंगाना में युवा शाखा में सदस्यों की संख्या 50 से 25 करने हेतु संविधान संशोधन पर चर्चा की गई और संशोधन पारित कर दिया गया।

अंत में अग्रवाल समाज की सह मंत्री कंचन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सभी को सह भोज के लिए आमन्त्रित किया। सभा में केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, समितियों के चेयरमैन, वाईस चेयरमैन एवं विभिन्न पधाधिकारिगण उपस्थित रहे।




# आर्य कन्या विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया तेलंगाना स्थापना दिवस



**हैदराबाद, 02 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आर्य कन्या विद्यालय हाई स्कूल में तेलंगाना स्थापना के 10 वर्ष का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रथम विशेष अतिथि देवमुनि वानप्रस्थी ने तिरंगा फहराया और सभी ने मिलकर राष्ट्रगीत गाया।

अपने संदेश में देवमुनि वानप्रस्थी ने तेलंगाना के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संदेश दिया। डॉ. प्रताप रूद्र ने तेलंगाना के लिए जो संघर्ष हुआ उसके कई विवरण दिए और बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए कैसे-कैसे यातनाएं सहनी पड़ीं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि देवमुनि के साथ-साथ डॉ. प्रतापरूद्र आर्य, प्रदीप जाजू , भक्त राम, उमा, सुधा रानी, वाई पदमा, अमिता रेड्डी, चित्रा, मालिनी, राजेंद्र आदि ने भाग लिया। अन्त में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई और जलपान का प्रबंध भी किया गया था।

# अहिल्या बाई की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हैदराबाद, 02 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारतीय स्त्री शक्ति तेलंगाना ने रानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी मनाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि विद्या देवधर, रश्मि ठाकुर और विशेष आमंत्रित स्वर्णित निगम ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अध्यक्ष भारती कुट्टूर और सांस्कृतिक मंच प्रभारी मीनाक्षी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वर्णित द्वारा शिव तांडव स्त्रोत का गायन किया गया जिसे 16 मिलियन बार देखा गया। तारा, अमिता, पूनम दीपाली, हरिनी, सुमन, कीर्तन संगीता, गिरिजा, रश्मि, प्रीति, अन्नपूर्णा टीम ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की।



**आकांशा महिला संस्था हैदराबाद की मासिक सभा होटल 10 डी लाइफस्टाइल बेगमपेट में आयोजित की गई। सभा में गर्मी एवं लू से बचाव के उपाए पर सभी महिलाओ से चर्चा की गई और सभी के सहयोग से पब्लिक को सचेत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुमन गुप्ता, ममता, विनीता के आलावा सभी महिला सदस्य उपस्थित रहीं।**



**अग्रवाल समाज तेलांगना की बालानगर शाखा के पदाधिकारियों बैठक योगेश अग्रवाल के ऑफिस में आयोजित की गई। शाखा मानद मंत्री सुनील मित्तल द्वारा श्रावण की सैर एवं गत वर्ष के कार्यक्रमों और शाखा की गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शाखा संस्थापक प्रमोद मोदी, अध्यक्ष सुरेश गर्ग, सुनील मित्तल, कोशाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, श्रावण सैर इंचार्ज ललित अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, प्रमोद मोदी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।**



**अग्रवाल समाज सोमाजीगुडा बेगमपेट शाखा की मासिक बैठक का आयोजन ऑरीज जीवा, व्हाइट हाउस, बेगमपेट किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा के पश्चात पिछली सभा एवं आने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें शाखा के सभी पधाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।**



**गन पार्क में रविवार को अमर शहीद स्मारक में तेलंगाना के राज्य गठन के 10 वर्ष पूरे होने पर तेलंगाना तेलुगू देशम पार्टी की ओर से अमर वीर जवानों को सलामी दी गया एवं फूल समर्पित किए गये। इस अवसर पर तेलंगाना की जनता को शुभकामनाएं देते हुए गोशामहल विधानसभा क्षेत्र से तेलुगु देशम पार्टी के वरिष्ठ नेता रामनारायण यादव, उर्मिला देवी सिंह, टी अनिल, केडी दिनेश स्टेट वाणिज्य सेल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री, विनोद कुमार, सोम शेखर कुरमा, राजू मुदिराज, किशन लाल आदि।**



**केबीआर वॉकर्स ग्रुप की मीटिंग जुबली हिल्स के होटल ताजमहल में आयोजित हुई। मीटिंग में राजेंद्र कुमार अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, विजय कुमार दिल्लीवाले, मंसाराम अग्रवाल, गोपाल बलदवा, सुभाष अग्रवाल दिल्लीवाले, विजय कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार सरायवाले, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल सीए सुरेश अग्रवाल, विठ्ठल दास अग्रवाल, अशोक कुमार सरायवाले, अशोक लाखोटिया आदि उपस्थित थे।**




**श्रृंग ऋषि भवन में आगामी 15 जून को सर्व राजस्थानी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले जॉब मेले की प्रचार सामग्री का विमोचन करते हुए पंडित विशेष शर्मा एवं अवसर पर रामदेव नगला, संदीप जायलवाल, धर्माराम ढाका, राजेश पंडित एवं अन्य।**

# ब्रह्मोत्सव पर निकाली गई श्री रंगनाथ स्वामी के रथयात्रा

**हैदराबाद, 02 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जियागुडा डिवीजन में ऐतिहासिक श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर में शनिवार रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक श्री रंगनाथ स्वामी के ब्रह्मोत्सव के अवसर पर श्री रंगनाथ स्वामी, श्रीदेवी और भूदेवी की पूजा करने के बाद उनका विशेष रूप से श्रृंगार किया गया। मुख्य अतिथि नगरसेवक शंकर यादव, जियागुड़ा नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, लक्ष्मीनारायण, शिवा यादव, बोट्टू राम और मंदिर के ट्रस्टी एनटी चारी, प्रतिनिधि शेषाचार्य ने श्री श्री रंगनाथ स्वामी की विशेष पूजा की।



विशेष पूजा के बाद, रंगनाथ स्वामी मंदिर से पुरानापुल तक रथयात्रा बैंड और केरल ढोल के साथ निकाली गई। इस अवसर पर जियागुड़ा के लोगों ने बड़े उत्सव के साथ श्री रंगनाथ स्वामी की प्रतिमा के जुलूस में भाग लिया। जियागुड़ा के आसपास उत्सव का माहौल रहा। जियागुडा में विभिन्न समुदायों के नेताओं के साथ-साथ राजनीतिक नेता डीवीएस राजू, आदि जाम्भवा नेता बालकृष्ण, सुदर्शन मुदिराज, विनोद चौगल, सी. बाबू एवं अन्य लोगों विशेषकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ट्रस्ट के मुख्य पुजारी श्रीनिवास रंगनाथ ने जियागुडा डिवीजन के इमामपुरा नव भारत संघम के अध्यक्ष मधिरा सत्यनारायण, कोषाध्यक्ष एम महेश बाबू को सम्मानित किया, जो शनिवार जियागुड़ा डिवीजन में ऐतिहासिक श्री श्री रंगनाथस्वामी मंदिर ट्रस्ट के आमंत्रण में शामिल हुए।



**राकेश जयसवाल नगरसेवक जामबाग हैदराबाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हिंदी नगर राम मंदिर में भाजपा और सहयोगी दलों के लिए अबकी बार 400 पार के लिए प्रार्थना की और 108 नारियल अर्पित कर पीएम मोदी मोदी के कुशल नेतृत्व और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सुरेश टॉल्डी, अनिल यादव, काजल, रघु, संदीप, बाबू सिंह, नरसिंग और भाजपा नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।**

# स्थापना दिवस समारोह में तेलंगाना के आधिकारिक गीत का हुआ अनावरण





**हैदराबाद, 2 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के आधिकारिक गान जय जयहे तेलंगाना' का रविवार को राज्य स्थापना दिवस समारोह में अनावरण किया गया। प्रसिद्ध तेलंगाना कवि और लेखक एंडी श्री द्वारा लिखित और ऑस्कर पुरस्कार विजेता एम.एम. कीरावनी द्वारा संगीतबद्ध इस गीत को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जारी किया।

गीत का आधिकारिक प्रस्तुतिकरण (लघु संस्करण) सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में आयोजित दशवार्षिक स्थापना दिवस समारोह के मुख्य आधिकारिक समारोह का मुख्य आकर्षण था। गीत बजते ही मुख्यमंत्री, उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार, शीर्ष अधिकारी और अन्य प्रतिभागी खड़े हो गए। समारोह में एंडी श्री और कीरावनी दोनों भी मौजूद थे। 20 साल पहले गाना लिखने वाले कवि भावुक होते नजर आए। दिसंबर 2023 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद, इस गीत को राज्य के आधिकारिक गान के रूप में अपनाया गया है। गीत की रचना को अंतिम रूप देने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं एंडी श्री और कीरावनी के साथ कुछ बैठकें कीं।

30 मई को मुख्यमंत्री, मंत्रियों, कांग्रेस और उसके सहयोगियों के नेताओं की बैठक में जय जय हे तेलंगाना के दो संस्करणों को मंजूरी दी गई। बैठक में 2.30 मिनट के संस्करण और पूरे 13.30 मिनट के संस्करण को अंतिम रूप दिया। सरकारी आयोजनों में इसके प्रस्तुतिकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए, तीन छंदों वाले एक संक्षिप्त संस्करण का उपयोग किया जाएगा। दिसंबर 2023 में तेलंगाना में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह पहला राज्य स्थापना दिवस समारोह था।

गनपार्क में तेलंगाना अमरवीरुला स्तूपम पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री परेड ग्राउंड पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। परेड में तेलंगाना विशेष पुलिस की विभिन्न बटालियनों ने मुख्यमंत्री को सलामी दी। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद सिटी आर्म्ड रिजर्व, ऑक्टोपस, माउंटेड पुलिस कार, डिजास्टर रिस्पांस एंड फायर सर्विसेज, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और आवासीय स्कूलों की टुकड़ियों ने मार्च-पास्ट किया। इस अवसर पर रेवंत रेड्डी ने पुलिस कर्मियों और सर्वश्रेष्ठ टुकड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

# तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पूरी करेगी अपनी गारंटियां : सोनिया गांधी

**हैदराबाद, 02 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करेगी। सोनिया गांधी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी और उन्हें तेज विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में 10वें तेलंगाना स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में उनका पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश चलाया गया। राज्य सरकार ने समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण वह नहीं आ सकीं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस को समृद्ध तथा विकसित तेलंगाना के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है और लोगों के सभी सपनों का पूरा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा, आज इस खास मौके पर, मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

सोनिया गांधी ने महान राज्य के गठन के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले तेलंगाना के अनगिनत शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, मैंने 2004 में करीमनगर में तेलंगाना के लोगों से वादा किया था कि कांग्रेस उनके सपनों को पूरा करेगी। मेरे बयान के बाद हमारी पार्टी में भी मतभेद उभरा था और कई लोग पार्टी छोड़कर चले गये। लेकिन आपके साहस और दृढ़ निश्चय ने मुझे आपके सपनों को पूरा करने की ताकत तथा प्रेरणा दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले 10 साल में तेलंगाना के लोगों ने उन्हें काफी सम्मान और स्नेह दिया है। मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राष्ट्र ध्वज फहराया और पुलिस दस्ते की सलामी ली। पिछले साल दिसंबर में राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह पहला तेलंगाना स्थापना दिवस है।

# मां को आमंत्रित करने के लिए बेटे को अनुमति की जरूरत नहीं : रेवंत

**हैदराबाद, 2 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को राज्य के स्थापना दिवस समारोह में शीर्ष कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को निमंत्रण का बचाव करते हुए कहा कि एक बेटे को अपनी मां को आमंत्रित करने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

राज्य स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों की आलोचना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। रेवंत ने कहा वे पूछ रहे हैं कि सोनिया गांधी को किस पद पर आमंत्रित किया गया था। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या एक मां को अपने बच्चे के घर में किसी शुभ अवसर पर शामिल होने के लिए किसी पद की आवश्यकता होती है। क्या बच्चे को अपनी मां को आमंत्रित करने के लिए अनुमति की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक तेलंगाना का इतिहास रहेगा, तब तक यह समाज सोनिया गांधी को मां के रूप में पहचानेगा और सम्मान देगा। उन्होंने यह भी देखा कि सोनिया गांधी का तेलंगाना के साथ संबंध राजनीति से ऊपर है। हालांकि राज्य सरकार ने सोनिया गांधी को तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह में आमंत्रित किया था, लेकिन वह अपनी स्वास्थ्य स्थिति के कारण इसमें शामिल नहीं हो सकीं। राज्य मंत्रिमंडल ने तेलंगाना राज्य के गठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें सम्मानित करने का भी निर्णय लिया था। रेवंत रेड्डी उन्हें आमंत्रित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से नई दिल्ली गए थे। उसने इसे स्वीकार कर लिया था लेकिन अपनी स्वास्थ्य स्थिति के कारण अंतिम समय में योजना छोड़ दी।

## तेलंगाना स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर

# बीआरएस ने निकाला कैंडल मार्च

**हैदराबाद, 02 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने शनिवार शाम हैदराबाद में कैंडल मार्च निकाला।

इस रैली का आयोजन गनपार्क में तेलंगाना शहीद स्तूपम से डॉ. बीआर अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय के सामने अमर ज्योति तक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआरएस अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने किया। इस कार्यक्रम में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री केटीआर, पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य, जन प्रतिनिधि और कई पार्टी सदस्य बड़े पैमाने पर शामिल हुए।

# अब केवल तेलंगाना की राजधानी है हैदराबाद

## आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार दस वर्ष की अवधि हुई पूरी

**हैदराबाद, 2 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



देश के सबसे व्यस्त शहरों में से एक हैदराबाद रविवार 02 जून से दो प्रदेशों की राजधानी नहीं रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के मुताबिक रविवार से हैदराबाद अब केवल तेलंगाना की राजधानी है, जो कि अब तक आंध्र प्रदेश की भी राजधानी हुआ करता था।

2 जून 2014 में जब आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद तेलंगाना राज्य बना था, तभी से हैदराबाद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों ही प्रदेशों की लगभग 10 सालों तक राजधानी बना रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन के मुताबिक हैदराबाद 10 साल से ज्यादा समय के लिए दोनों राज्य की राजधानी नहीं रह सकता है। उपधारा (1) में दी गई समय अवधि के बाद हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी है, जबकि आंध्र प्रदेश के लिए नई राजधानी बनाई जाएगी।

आंध्र प्रदेश में लंबे समय से तेलंगाना राज्य की मांग हो रही थी। इसके बाद सर्वसम्मति से फरवरी 2014 में संसद में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पास किया गया और 2 जून 2014 को देश में नया राज्य तेलंगाना बना।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पिछले महीने ही अधिकारियों को सरकारी गेस्ट हाउस आंध्र प्रदेश से वापस लेने के लिए कहा था, जो कि आंध्र प्रदेश को 10 सालों के लिए दिया गया था। विभाजन के 10 सालों के बाद भी दोनों राज्यों के बीच कई मुद्दों पर अभी भी विवाद है और संपत्ति बंटवारे को लेकर समाधान नहीं निकला है। तेलंगाना सरकार ने विभाजन को लेकर कई मुद्दों पर कैबिनेट मीटिंग में चर्चा करने की मांग की थी लेकिन चुनाव आयोग ने कथित तौर पर लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता के कारण इसे मंजूरी नहीं दी।

# तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 2 जून (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह तेलंगाना के राज्य दिवस के अवसर पर वहां के लोगों को शुभकामनाएं दीं। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पीएम मोदी ने पोस्ट कर कहा- तेलंगाना की मेरी बहनों और भाइयों को उनके राज्य दिवस पर शुभकामनाएं। प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रीय प्रगति में राज्य के योगदान पर बहुत गर्व है। यह राज्य एक समृद्ध इतिहास और बहुत जीवंत संस्कृति से समृद्ध है। हम आने वाले समय में राज्य के विकास के लिए लगातार काम करने के



लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसके अलावा, पीएम ने आंध्र प्रदेश के लोगों को भी शुभकामनाएं दीं। आंध्र प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं। परिश्रम और साहस इस भूमि की संस्कृति का पर्याय है। भारत के विकास में राज्य की भूमिका को बहुत महत्व दिया जाता है। उन्होंने पोस्ट किया, राज्य के नागरिकों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद 2 जून 2014 को आधिकारिक तौर पर तेलंगाना राज्य का गठन किया गया था। कल्वाकुंतला चन्द्रशेखर राव नवगठित दक्षिणी राज्य के पहले मुख्यमंत्री थे।

# उत्तराखंड राजभवन में मनाया गया तेलंगाना का स्थापना दिवस

**नैनीताल, 02 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

उत्तराखंड के नैनीताल स्थित राजभवन में रविवार को तेलंगाना प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में पढ़ रहे तेलंगाना के छात्रों के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और उनसे संवाद किया। उन्होंने सभी तेलंगाना वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्रों ने उत्तराखंड में अपने-अपने प्राप्त अनुभव साझा किए। राज्यपाल ने कहा कि वनों और वन्य जीव से सम्पन्न तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संजोए हुए है। राज्य की खूबसूरती और सांस्कृतिक धरोहर इसे एक विशिष्ट पहचान दिलाते हैं और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक स्थल बनाते हैं। कृषि, तकनीकी और साइबर के क्षेत्र में तेलंगाना द्वारा हासिल की गई प्रगति पूरे देश के लिए आदर्श है। महामहिम ने कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से हमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को समझने और आदान-प्रदान करने का अवसर मिलता है।




**राकेश जयसवाल पार्षद जामबाग ने इसामिया बाज़ार कोटि में होलकर समाज द्वारा आयोजित राजमाता अहिल्या बाई होलकर की जयंती शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ शैलेन्द्र यादव, अमर सिंह, लड्डू यादव, चंद्रकांत, अन्ना राव, तेजा राव, गोकुल, अजय, थाटे राव, ऋषिकांत, अप्पू और अन्य कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।**

## धनखड़ ने दी तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली, 02 जून (एजेंसियां)।**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्यवासियों की सुख समृद्धि की कामना की है। श्री धनखड़ ने रविवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि तेलंगाना अपनी समृद्ध विरासत, कृषि विविधता और प्रौद्योगिकी क्षमता के लिए जाना जाता है। यह राज्य सांस्कृतिक विविधता का केंद्र है। उन्होंने कहा, तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। मैं तेलंगाना की निरंतर प्रगति और विकास की कामना करता हूं।

# कलराज मिश्र ने राजभवन में तेलंगाना स्थापना दिवस मनाया

**जयपुर, 02 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजस्थान में राजभवन में रविवार को तेलंगाना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात करके उनसे संवाद किया। श्री मिश्र ने तेलंगाना के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि तेलंगाना शब्द का इस्तेमाल निज़ामों ने अपने राज्य के मराठी भाषी क्षेत्रों से इसे अलग करने के लिए किया था। तेलंगाना ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत समृद्ध राज्य है।

उन्होंने कहा कि हैदराबाद तेलंगाना का सबसे विशाल और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है और यह दक्षिण-मध्य भारत का प्रमुख शहरी केंद्र है। उन्होंने युवा राज्य तेलंगाना में नवाचार और उद्यमिता के प्रयासों की सराहना करते हुए इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना की।




श्री मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने के पीछे भावना यही है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच से हम सभी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में भाषाई, रहन-सहन, खान-पान की विविधता के बाद भी हमारे यहां एकता का भाव है। इसी से समरसता का निर्माण होता है।

उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें भारत के इतिहास और संस्कृति के साथ उदात्त जीवन मूल्यों का ओज समाया हुआ है। इस अवसर पर तेलंगाना के स्थानीय लोगों ने राजस्थान के अपनत्व भरे वातावरण की सराहना की।

# बंडारू दत्तात्रेय ने तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**हैदराबाद/चंडीगढ़, 2 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में बहुत संघर्ष एवं कुर्बानियों के साथ तेलंगाना राज्य का गठन हुआ। विद्यार्थी, युवा, किसान, मजदूर, कलाकार, इंटेलेक्चुअल, व्यापारी व राजनीतिक पार्टियों के लोगों के संघर्ष का परिणाम तेलंगाना फोर्मेशन है। मुझे बहुत खुशी है कि तेलंगाना राज्य को बने 10 वर्ष हो गए है, राज्य की 10वीं वर्षगांठ का जश्न राज्य स्तर पर बड़ा आयोजन कर मनाया जा रहा है, इसके लिए मैं नई सरकार व मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को शुभकानाएं देता हूं।



राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि तेलंगाना निर्माण के संघर्ष के दौरान अमर हुए लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हू और तेलंगाना की जनता को भी राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व बधाई देता हूं। मैं आशा करता हूँ कि तेलंगाना का युवा, किसान-मजदूर, व प्रत्येक नागरिक राज्य को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सहित सभी आयामों में आत्मनिर्भर बनाने व विकास में अपना योगदान देगा। साथ ही तेलंगाना की सांस्कृतिक विरासत परम्परा और इतिहास को सहेज कर देश व दुनिया में इसका प्रसार-प्रचार करेंगे। एक बार पुनः सभी भाई-बहनों को राज्य के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# आत्म गौरव भवन में आयोजित की गई सत्यनारायण की कथा








**हैदराबाद, 02 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट आत्म गौरव भवन में डंके पर सत्यनारायण की कथा आयोजित की गई। यहां उप्पल भगत में अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट आत्म गौरव भवन निर्माण कार्य के एक वर्ष पूर्ण होने पर निर्माणाधीन आत्म गौरव भवन में पूजा-अर्चना के पश्चात कथा वाचक भूषण महाराज द्वारा श्री सत्यनारायण कथा डंके पर की गई । कथा के विराम के बाद आयोजित भजन कार्यक्रम में सुनील जयलवाल ने भजन प्रस्तुत किए।




इस अवसर पर अग्रवाल समाज सहायता आत्मा गौरव भवन ट्रस्ट के चेयरमैन राजेश अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेश कुमार चौधरी ने भवन के निर्माण का कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि आत्म गौरव भवन के अंतर्गत ए-ब्लॉक में ग्राउण्ड व पांच मंजिला भवन में 70 डबल बेडरूम हैं, बी-ब्लॉक में ग्राउण्ड व पांच मंजिला भवन में लॉबी एवं 12000 वर्ग फीट में 4 सेमिनार हॉल, सी-ब्लॉक में 27000 वर्ग फीट का कन्वेंशन हॉल एवं 6000 वर्ग फीट की लॉबी, डी-ब्लॉक में अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी एवं लक्ष्मी माता मंदिर के अतिरिक्त विशाल रसोई घर एवं 125000 वर्ग फीट की विशाल पार्किंग क्षेत्र का निर्माण का तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण भवन पूरी तरह से केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग और जनरेटर बैकअप से लैस है।

कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि इस कार्य को लगभग एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर भवन के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी मधुसूदन अग्रवाल, धन संग्रह समिति चेयरमैन करोड़ीमल अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेश कुमार चौधरी, समन्वय समिति चेयरमैन सुरेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष धीरज कुमार अग्रवाल, मानद मंत्री विजय कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, परामर्शदाता प्रमोद कुमार बंसल, रविन्दर कुमार अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष गजानंद ताजपुरिया, कपूरचंद अग्रवाल, अंजनी कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार जालान, पुरुषोत्तम दास गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल, कमलचंद अग्रवाल, भरत कुमार सौंथलिया, सुभाष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निमेश कुमार अग्रवाल, राकेश पचेरिया, रूपेश कुमार अग्रवाल, नवल किशोर कानोडिया, नरेश कुमार गोयल, सुभाषचन्द भगेरिया, नवीन कुमार अग्रवाल, सतीश बंसल, रामकिशोर अग्रवाल, गोपालदास अग्रवाल, चन्द्रमोहन अग्रवाल, हेमचंद अग्रवाल, दीपक कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, आजीवन सदस्य एडवोकेट महेश अग्रवाल, राजकुमार गोयल, शंकरलाल अग्रवाल, दिनेश कुमार ताजपुरिया, श्यामसुन्दर गोयल, भीम फिटकरीवाला, विक्रम गुप्ता, हरिमोहन सराफ, बिक्की सराफ, अर्जुन फिटकरीवाला, रितेश अग्रवाल, पवन कुमार गुप्ता, अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट ट्रस्टी प्रेमचंद गुप्ता, एडवोकेट श्यामसुन्दर अग्रवाल, पी.जी.गुप्ता सहित अग्रसेन बैंक के चेयरमैन प्रमोद केडिया, वाइस चेयरमैन नवीन कुमार अग्रवाल, शुभ लाभ हिंदी समाचार पत्र समूह के सर्वेसर्वा गोपाल अग्रवाल, अग्रसेन भवन चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव मुकुन्दलाल अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन दक्षिण के अध्यक्ष योगेश जैन, सचिव विनय जैन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शशिकांत अग्रवाल, राष्ट्रीय सह-प्रवक्ता अशोक बंसल, उपाध्यक्ष शिवकुमार भालवाले, अशोकचंद विजयानंदवाले, चंद्रकांत डाकोतिया, अरुण डाकोतिया, हाल डोनर राजेश केडिया परिवार, सम्मेलन हाल के डोनर सुरेन्द्र अग्रवाल, राकेश पचेरिया, दिनेश कुमार अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, सुभाष गोयल, कमलचंद अग्रवाल, गोपालदास अग्रवाल, सुभाष भगेरिया, पीयूष अग्रवाल, नितेश कुमार अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, नरेश मित्तल, पंकज पटवारी, सुरेश कुमार गुप्ता, सीए नरेश कुमार अग्रवाल, कुशाल अग्रवाल, एम.एल.अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्य, दिलसुखनगर शाखा, वनस्थलीपुरम शाखा, कोत्तापेट शाखा, मुरलीनगर शाखा, अत्तापुर शाखा, सत्य शक्ति महिला शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।



**श्रीराम चरित मानस संगम भाग्यनगर के तत्वावधान में चल रहे सुंदरकांड ज्ञान महायज्ञ के संकल्प के तहत कमलेश त्रिपाठी के सानिध्य मे 7वां कार्यक्रम पारीक भवन में संपन्न हुआ। सतीश त्रिपाठी एवं संदीप त्रिपाठी ने सुंदरकांड पाठ किया। कार्यक्रम में विन्ध्याचल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील पांडे, राम शिरोमणि तिवारी, प्रदीप पांडे, बृजेश शुक्ला, अवधेश द्विवेदी, सत्य प्रकाश, चेतन गिरी, राजेश करवा, नीरज त्रिपाठी, राजू प्यासी, मनोज व्यास , सतीश तिवारी, कैशव जोशी, सजंय व्यास, राधेश्याम पुरोहित, राजेश शर्मा, सुरेश बोहरा व अन्य उपस्थित रहे।**



**भाजपा सांसद डॉ. लक्ष्मण, रविवार को हैदराबाद में राज्य भाजपा कार्यालय नामपल्ली में तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह का जश्न मनाते हुए।**



**डॉ. के. लक्ष्मण, सांसद ने भाजपा राज्य कार्यालय नामपल्ली में तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को तेलंगाना उद्यमकारुलु का अभिनंदन किया।**



**तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस का 10 वर्षीय त्यौहारिक उत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपने कैबिनेट सहोगियों एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सुबह गन पार्क शहीद स्तूप पर पहुंचकर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सीएम का कारवां परेड ग्राउंड पहुंचा, जहां पर सीएम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तेलंगाना के राज्य गीत का लोकार्पण किया। परेड का निरीक्षण किया और गॉर्ड ऑफ ऑनर लिया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया। शाम को टैंकबंड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम कार्यकम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगियों और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान लेजर शो, आतिशबाजी, कॉर्निवाल और तेलंगाना के पारंपरिक लोक नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए।**

## गिरफ्तारी से फरार अपराधी छह साल के बाद हुआ गिरफ्तार

**हैदराबाद, 02 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर पीड़ितों से 48 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के बाद छह साल तक गिरफ्तारी से बचने वाले एक अपराधी को तेलंगाना सीआईडी की एनबीडब्ल्यू विशेष कार्यकारी टीम ने गिरफ्तार किया है।

शनिवार को यहां जारी एक पुलिस बयान में कहा गया कि आरोपी के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं, जिनकी पहचान पंजाब के जालंधर के बस्ती धनीश मंडी के न्यू रसीला नगर के विकास खिंदार (41) के रूप में हुई है। निजामाबाद जिले के भीमगल और आर्मूर पुलिस स्टेशनों में दर्ज मामलों में खिंदार समेत अन्य लोगों के नाम शामिल हैं, जो नौकरी वीजा के साथ कनाडा में रोजगार दिलाने का वादे कर शिकायतकर्ताओं से धन की धोखाधड़ी करते थे। बाद में मामलों को आगे की जांच के लिए निजामाबाद के आरओ सीआईडी को सौंप दिया गया। दोनों मामलों में शामिल खिंदार अपराध करने के बाद से फरार हो गया था। निजामाबाद में अतिरिक्त न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था। तेलंगाना सीआईडी के पुलिस अधीक्षक बी राम रेड्डी की प्रत्यक्ष निगरानी में विशेष टीम ने 27 मई को पंजाब के जालंधर के बस्ती धनिश मंडी से विकास खिंदार को गिरफ्तार किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.